Amar Ujala 7-4-25

# वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक

## सेक्टर-32 के एसडी कॉलेज में एसडी एमयूएन कॉन्फ्रेंस; विशेषज्ञों ने रखे विचार, तलाशे समाधान

माई सिटी रिपोर्टर

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 के एसडी कॉलेज में आयोजित एसडी एमयूएन कॉन्फ्रेंस युवाओं के लिए संवाद, नेतृत्व और वैश्विक सोच का सशक्त मंच बनकर उभरी।

यूथ एनवायरनमेंट कॉन्क्लेव थीम पर हुए कार्यक्रम में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने पर्यावरण से जुड़े अहम वैश्विक मुद्दों पर गंभीर चर्चा कर समाधान तलाशने का प्रयास किया।

कॉलेज के एसडी एमयूएन क्लब की ओर से डिजिटल सेफ्टी क्लब के सहयोग से आयोजित इस फ्लैगशिप सम्मेलन ने युवाओं को कूटनीति, संवाद और नेतृत्व कौशल सीखने का व्यावहारिक अवसर दिया। विभिन्न समितियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बहस, वार्ता और सिमुलेशन में सक्रिय भागीदारी निभाई। उद्घाटन समारोह में इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड कम्युनिकेशन के प्रो. रौनकी राम मुख्य अतिथि रहे। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने युवाओं को इस तरह के बौद्धिक मंचों से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हुए आयोजकों की सराहना की। वहीं प्रो. रौनकी राम ने अपने संबोधन में कहा कि वैश्विक चुनौतियों के समाधान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। पंजाब यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. वाईपी वर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने इस पहल को युवाओं के लिए सार्थक मंच बताया।



**एसडी एमयूएन कॉन्फ्रेंस में शामिल विशेषज्ञ और क्लब के सदस्य।** आयोजक

### टीमवर्क का महत्व जाना

*समापन अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत फोक फ्यूजन संगीत ने माहौल को उत्साह और उल्लास से भर दिया। सम्मेलन के दौरान यूएनसीएसडब्ल्यू, आईपीएल सिमुलेशन, इंटरनेशनल प्रेस और ऑर्गनाइजिंग कमेटी जैसी विभिन्न समितियों में प्रतिभागियों ने सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे उन्हें वैश्विक मुद्दों की समझ के साथ-साथ टीमवर्क और निर्णय क्षमता का भी अनुभव मिला।*

Arth Parkash 7-4-25

# युवाओं के संवाद व नेतृत्व का मंच बना एसडी एमयूएन कांफ्रेंस, पर्यावरण से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर गहन चर्चा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के एसडी एमयूएन क्लब की ओर से कॉलेज के डिजिटल सेफ्टी क्लब के सहयोग से वार्षिक फ्लैगशिप मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन 'एसडी एमयूएन' के 13वें संस्करण का आयोजन किया गया। इस वर्ष कांफ्रेंस की थीम ÷ए यूथ एनवायरनमेंट कॉन्क्लेव÷ रही, जिसमें युवाओं ने पर्यावरण से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। कांफ्रेंस में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन संवाद, कूटनीति और समकालीन वैश्विक चुनौतियों पर विचार-विमर्श का एक सशक्त मंच बनकर उभरा। प्रतिभागियों ने विभिन्न समितियों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए और वैश्विक समस्याओं के समाधान पर व्यापक मंथन किया।

एसडी एमयूएन कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में प्रो. रौनकी राम,



प्रोफेसर एमेरिटस, इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड कम्युनिकेशन, चंडीगढ़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की शुरुआत कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा, एसडी एमयूएन क्लब की को-ऑर्डिनेटर डॉ. मोनिका सोनी और डिजिटल सेफ्टी क्लब की को-ऑर्डिनेटर डॉ. रूपिंदर औलख द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई। इसके बाद गणेश वंदना की मनमोहक शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसके माध्यम से सम्मेलन के सफल आयोजन की कामना की गई।

कांफ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए एसडी एमयूएन क्लब और डिजिटल सेफ्टी क्लब के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बौद्धिक आयोजनों से युवाओं को संवाद, नेतृत्व और सामाजिक व पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है। मुख्य अतिथि प्रो. रौनकी राम ने अपने मुख्य वक्तव्य में वैश्विक चुनौतियों के समाधान में युवाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया।

Dainik Jagran 7-4-25

# एसडी कालेज में 'एसडी एमयूएन' का 13वां संस्करण संपन्न

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ : सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कालेज में एसडी एमयूएन क्लब और डिजिटल सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वार्षिक 'एसडी एमयूएन' कान्फ्रेंस का 13वां संस्करण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस वर्ष सम्मेलन की थीम 'ए यूथ एनवायरनमेंट कान्क्लेव' रही, जिसमें युवाओं ने पर्यावरण से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की।



एसडी एमयूएन कांफ्रेंस में भाग लेते स्टूडेंट्स व स्टाफ • कालेज

तीन दिवसीय इस सम्मेलन में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विभिन्न समितियों के माध्यम से छात्रों ने अपने विचार साझा किए और वैश्विक समस्याओं के समाधान पर गहन मंथन किया। आयोजन ने युवाओं को संवाद, कूटनीति और नेतृत्व कौशल विकसित करने का सशक्त मंच प्रदान किया।

उद्घाटन समारोह में प्रो. रौनकी राम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कालेज के प्रिंसिपल डा. अजय शर्मा ने स्वागत संबोधन में इस प्रकार के बौद्धिक आयोजनों को युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। प्रो. रौनकी राम ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं की सक्रिय भागीदारी ही वैश्विक चुनौतियों का प्रभावी समाधान दे सकती है। उन्होंने जिम्मेदार नेतृत्व और सूचित संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर गेवेल सेरेमनी के साथ सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

समापन समारोह में पंजाब यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. वाइपी वर्मा मुख्य अतिथि रहे।

उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के मंच युवाओं को नेतृत्व और अभिव्यक्ति के बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। इस दौरान विजेताओं और आयोजन समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण में यूएनसीएसडब्ल्यू कमेटी में 'अफगानिस्तान' को बेस्ट डेलीगेट का खिताब मिला।

इंटरनेशनल प्रेस श्रेणी में आयुष्मान को बेस्ट जर्नलिस्ट, आदित्य को बेस्ट फोटोग्राफर और अवनी को बेस्ट कैरिकेचरिस्ट चुना गया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों की फोक-फ्यूजन संगीत की आकर्षक प्रस्तुति ने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया।

Dainik Savera Times 7-4-25

# युवाओं के संवाद और नेतृत्व का मंच बना एसडी एमयूएन कांफ्रेंस, पर्यावरण से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा

**सवेरा न्यूज/नीना**

चंडीगढ़, 6 अप्रैल : जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 के एसडी एमयूएन क्लब की ओर से कॉलेज के डिजिटल सेफ्टी क्लब के सहयोग से वार्षिक फ्लैगशिप मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन 'एसडी एमयूएन' के 13वें संस्करण का आयोजन किया गया। इस वर्ष कांफ्रेंस की थीम ''ए यूथ एनवायरनमेंट कॉन्क्लेव'' रही, जिसमें युवाओं ने पर्यावरण से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। कांफ्रेंस में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन संवाद, कूटनीति और समकालीन वैश्विक चुनौतियों पर विचार-विमर्श का एक सशक्त मंच बनकर उभरा। प्रतिभागियों ने विभिन्न समितियों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए और वैश्विक समस्याओं के समाधान पर व्यापक मंथन किया।

एसडी एमयूएन कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में प्रो. रौनकी राम, प्रोफेसर एमेरिटस, इंस्टीट्यूट फॉर डिवैलपमेंट एंड कम्युनिकेशन, चंडीगढ़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की शुरु आत कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा, एसडी एमयूएन क्लब की को-ऑर्डिनेटर डॉ. मोनिका सोनी और डिजिटल सेफ्टी क्लब की को-ऑर्डिनेटर डॉ. रूपिंदर औलख द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई। इसके बाद गणेश वंदना की मनमोहक शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसके माध्यम से सम्मेलन के सफल आयोजन की कामना की गई। सांस्कृतिक कार्यक्र मों की कड़ी में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर युगल गीत ने भी कार्यक्र म की शुरु आत को और अधिक जीवंत बना दिया, जिससे समारोह में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए एसडी एमयूएन क्लब और डिजिटल सेफ्टी क्लब के प्रयासों को सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बौद्धिक आयोजनों से युवाओं को संवाद, नेतृत्व और सामाजिक व पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है। मुख्य अतिथि प्रो. रौनकी राम ने अपने मुख्य वक्तव्य में वैश्विक चुनौतियों के समाधान में युवाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। वहीं, एसडी एमयूएन कांफ्रेंस के समापन समारोह में पंजाब यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. वाईपी वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं को संवाद और नेतृत्व के लिए सार्थक मंच प्रदान करने की इस पहल की सराहना की। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत डीन आर्ट्स एवं डीन कल्चरल अफेयर्स पूजा सरीन, को-ऑर्डिनेटर डॉ. मोनिका सोनी और डॉ. रूपिंदर औलख द्वारा किया गया। इसके बाद प्रो. वर्मा ने पूजा सरीन, डॉ. मोनिका सोनी और डॉ. रूपिंदर औलख के साथ आयोजन समिति के सदस्यों और विजेताओं को सम्मानित किया। पुरस्कारों में यूएनसीएसडब्लू कमेटी में अफगानिस्तान को बेस्ट डेलीगेट का खिताब मिला। वहीं इंटरनेशनल प्रेस में आयुष्मान को बेस्ट जर्नलिस्ट, आदित्य को बेस्ट फोटोग्राफर और अवनी को बेस्ट कैरिकेचिरस्ट घोषित किया गया। इसके अलावा आईपीएल कमेटी में 'मुंबई इंडियंस' को बेस्ट टीम का पुरस्कार दिया गया। सम्मेलन के समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्र मों की भी विशेष प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत फोक फ्यूजन संगीत की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे माहौल को उत्साह और उल्लास से भर दिया। इस प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि सम्मेलन के समापन को एक जीवंत और यादगार रूप भी प्रदान किया। सांस्कृतिक रंगों से सजे इस आयोजन का समापन उत्साहपूर्ण और जश्न भरे माहौल में हुआ।

एसडी एमयूएन कांफ्रेंस के दौरान विभिन्न आकर्षक समितियों का गठन किया गया, जिनमें यूनाइटेड नेशंस कमीशन ऑन द स्टेटस ऑफ वूमेन (यूएनसीएसडब्लू), ऑर्गनाइजिंग कमेटी (ओसी), इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सिमुलेशन कमेटी और इंटरनेशनल प्रेस (आईपी) शामिल रहे।



प्रतिभागी को सर्टिफिकेट देते हुए।

Divya Himachal 7-4-25

# एसडी कालेज चंडीगढ़ में मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन की धूम



चंडीगढ़। चीफ गेस्ट प्रो. रौनकी राम को सम्मानित करने का दौर

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो– चंडीगढ़**

सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के एसडी एमयूएन क्लब की ओर से कॉलेज के डिजिटल सेफ्टी क्लब के सहयोग से वार्षिक फ्लैगशिप मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन एसडी एमयूएन के 13वें संस्करण का आयोजन किया गया। इस वर्ष कान्फ्रेंस की थीम ए यूथ एनवायरनमेंट कॉन्क्लेव रही। इसमें युवाओं ने पर्यावरण से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। कान्फ्रेंस में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन संवाद, कूटनीति और समकालीन वैश्विक चुनौतियों पर विचार विमर्श का एक सशक्त मंच बनकर उभरा। प्रतिभागियों ने विभिन्न समितियों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए और वैश्विक समस्याओं के समाधान पर व्यापक मंथन किया। एसडी एमयूएन कान्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह में प्रो. रौनकी राम, प्रोफेसर एमेरिटसए इंस्टीट्यूट फॉर डिवेलपमेंट एंड कम्युनिकेशन चंडीगढ़ ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की शुरुआत कॉलेज प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा, एसडी एमयूएन क्लब की को-ऑर्डिनेटर डा. मोनिका सोनी और डिजिटल सेफ्टी क्लब की को-ऑर्डिनेटर डा. रूपिंदर औलख द्वारा मुख्यातिथि के स्वागत से हुई। इसके बाद गणेश वंदना की मनमोहक शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति दी गई। इसके माध्यम से सम्मेलन के सफल आयोजन की कामना की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर युगल गीत ने भी कार्यक्रम की शुरुआत को और अधिक जीवंत बना दिया, जिससे समारोह में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। कान्फ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर कॉलेज के प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए एसडी एमयूएन क्लब और डिजिटल सेफ्टी क्लब के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बौद्धिक आयोजनों से युवाओं को संवाद, नेतृत्व और सामाजिक व पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है। मुख्यातिथि प्रो. रौनकी राम ने अपने मुख्य वक्तव्य में वैश्विक चुनौतियों के समाधान में युवाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को सूचित चर्चा और जिम्मेदार नेतृत्व के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में आगे आना चाहिए। समारोह के दौरान गेवेल सेरेमनी भी आयोजित की गईए जिसे प्रो. रौनकी राम ने संपन्न कराया।

Punjab Kesari 7-4-25

**एम.यू.एन. कांफ्रैंस** | युवाओं के संवाद और नेतृत्व का मंच बना एस.डी. कॉलेज

# पर्यावरण से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा

चंडीगढ़, 6 अप्रैल (आशीष): सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के एस.डी. एम.यू.एन. क्लब की ओर से कॉलेज के डिजिटल सैफ्टी क्लब के सहयोग से वार्षिक फ्लैगशिप मॉडल यूनाइटेड नैशंस सम्मेलन एस.डी. एम.यू.एन. के 13वें संस्करण का आयोजन किया गया। इस वर्ष कांफ्रैंस की थीम ए यूथ एनवायरनमैंट कॉन्क्लेव रही, जिसमें युवाओं ने पर्यावरण से जुड़े वैश्विक मुद्दों पर गंभीर चर्चा की। कांफ्रैंस में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन संवाद, कूटनीति और समकालीन वैश्विक चुनौतियों पर विचार-विमर्श का एक सशक्त मंच बनकर उभरा। प्रतिभागियों ने विभिन्न समितियों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए और वैश्विक समस्याओं के समाधान पर व्यापक मंथन किया।



*प्रिंसीपल और मुख्य अतिथि छात्राओं को सम्मानित करते हुए। (परमजीत)*

एस.डी. एम.यू.एन. कांफ्रैंस के उद्घाटन समारोह में प्रो. रौनकी राम, प्रोफैसर एमेरिटस, इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमैंट एंड कम्युनिकेशन, चंडीगढ़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की शुरूआत कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. अजय शर्मा, एस.डी. एम.यू.एन. क्लब की को-ऑर्डिनेटर डॉ. मोनिका सोनी और डिजिटल सेफ्टी क्लब की को-ऑर्डिनेटर डॉ. रूपिंदर औलख द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई। इसके बाद गणेश वंदना की मनमोहक शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति दी गई।

कांफ्रैंस के उद्घाटन अवसर पर कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के बौद्धिक आयोजनों से युवाओं को संवाद, नेतृत्व और सामाजिक व पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलता है। मुख्य अतिथि प्रो. रौनकी राम ने अपने मुख्य वक्तव्य में वैश्विक चुनौतियों के समाधान में युवाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को सूचित चर्चा और जिम्मेदार नेतृत्व के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में आगे आना चाहिए। समारोह के दौरान गेवेल सैरेमनी भी आयोजित की गई, जिसे प्रो. रौनकी राम ने संपन्न कराया। इसके साथ ही सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन घोषित किया गया।

## सार्थक मंच प्रदान करने की पहल की सराहना की

समापन समारोह में पंजाब यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. वाई.पी. वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं को संवाद और नेतृत्व के लिए सार्थक मंच प्रदान करने की इस पहल की सराहना की। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत डीन आद्‌र्स एवं डीन कल्चरल अफेयर्स पूजा सरीन, को-ऑर्डिनेटर डॉ. मोनिका सोनी और डॉ. रूपिंदर औलख द्वारा किया गया। इसके बाद प्रो. वर्मा ने पूजा सरीन, डॉ. मोनिका सोनी और डॉ. रूपिंदर औलख के साथ आयोजन समिति के सदस्यों और विजेताओं को सम्मानित किया।